उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
पावर हाउस रोड,
जयपुर।

सं.740ई / आरआरसी / जीडीसीई / अधिसूचना / 2023

दिनांक 26.10.2023

महत्वपूर्ण सूचना

सर्व सम्बन्धित,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

विषयः– सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन के कम में।
सन्दर्भः– 1. इस कार्यालय द्वारा जारी जीडीसीई अधिसूचना संख्या 04 / 2023
2. 740ई / आरआरसी / जीडीसीई / अधिसूचना / 04 / 2023 दिनांक 10.10.2023

–0000–

उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर पर सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (जीडीसीई कोटे) के विरूद्व ग्रुप 'सी' की 14 कोटियों की 312 रिक्तियों को भरने हेतु रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा जीडीसीई अधिसूचना संख्या 04 / 2023 दिनांक 02.08.2023 को जारी की गई। उक्त अधिसूचना के तहत दिनांक 03.08.2023 से ऑनलाईन आवेदन पत्र आंमत्रित किये गए तथा ऑनलाईन आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि 02.09.2023 समय 23.59 बजे तक थी। उक्त की निरन्तरता में संदर्भित पत्र 2 के माध्यम से यह अवगत कराया गया था कि वे कर्मचारी जो दो वर्ष की परीवीक्षा अवधि पूर्ण नही होने के कारण आनलाईन आवेदन करने से वंचित रह गये थे उनके लिए आनलाईन आवेदन भरने हेतु लिंक रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाइट www.rrcjaipur.in पर दिनांक 10.10.2023 से 25.10.2023 (23.59 बजे तक) उपलब्ध कराया गया था।

उक्त अधिसूचना के तहत सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के लिए अभ्यार्थियों द्वारा भरे गये ऑनलाईन आवेदन पत्र में हुई त्रुटि को संशोधन करने के लिए दिनांक 27.10.2023 समय 00.00 बजे से 28.10.2023 समय 23.59 बजे तक के लिए लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें कर्मचारी का नाम, मोबाईल नम्बर, जन्म तिथि एवं ई–मेल को छोडकर व्यक्तिगत विवरण (Personal Details), कर्मचारी विवरण (Employment Details), शैक्षणिक योग्यता (Qualification Details एवं पत्राचार का पता (Correspondence Address) आदि में हुई त्रुटि को संशोधित किया जा सकता है। साथ ही कर्मचारी ने प्रमाण पत्र (अनुलग्नक– I) भी यदि गलत / त्रुटिपूर्ण अपलोड कर दिया है तो वह भी पुनः सही अपलोड किया जा सकता है।

अतः सभी संबधित अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे अपने आनलाइन आवेदन पत्र में भरे गये विवरण को पुनः सावधानीपूर्वक जॉच ले और किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उक्त अवधि में त्रुटि का सुधार कर लें। इसके बाद किसी भी त्रुटी में सुधार का कोई समय नहीं दिया जाएगा तथा ना ही किसी प्रकार का पत्राचार स्वीकार किया जाएगा। अधिसूचना की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कृपया सभी अभ्यर्थी नोट करें।

(दिनेश कौल)
अध्यक्ष / रेलवे भर्ती कक्ष